## खबर संक्षेप

### मझगवां पुलिस की तत्परता कबाड़ी को बेची गई शासकीय गाड़ी बरामद



सतना। मझगवां में शासन की संपत्ति की चोरी रोकने की दिशा में मझगवां पुलिस ने सराहनीय कदम उठाया है। जनपद पंचायत के एक कर्मचारी द्वारा कथित तौर पर 50 हजार रुपये में कबाड़ी को बेची गई गाड़ी को पुलिस ने बरामद कर थाने में खड़ा कराया है।

### स्वास्थ्य एवं जन-कल्याण विश्व ध्यान दिवस: सतना और मैहर के थानों में 'साप्ताहिक ध्यान' का शुभारंभ



सतना/मैहर। पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त करने और उनके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'विश्व ध्यान दिवस' पर अभिनव पहल की गई।हार्टफुलनेस संस्था के सहयोग से पुलिस मुख्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हैदराबाद से किया गया। सतना पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और मैहरएसपी अवधेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में सभी थानों और चौकियों में साप्ताहिक ध्यान सत्रों की शुरुआत हुई।

### राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने किया धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ

सतना। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रैगांव विधानसभा के ग्राम वसुधा में नए धान खरीदी केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इससे किसानों के समय और संसाधनों की बचत होगी। इस दौरान उन्होंने पूर्व विधायक स्व.जुगलकिशोर बागरी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की।

# राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी का रौद्र रूप, घटिया सड़क देख इंजीनियरों को लगाई फटकार; ठेकेदार का टेंडर निरस्त



**सतना। मध्यप्रदेश शासन की राज्य मंत्री और रैगांव विधायक प्रतिमा बागरी ने रविवार अपने विधान सभा प्रवास के दौरान विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वालों को कड़ा संदेश दिया है। कोठी तहसील के अंतर्गत पोड़ी-मनकहरी मार्ग के निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण में भारी अनियमितता और गुणवत्ता की कमी पाए जाने पर मंत्री ने अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।**

### निरीक्षण में खुली पोल

मंत्री प्रतिमा बागरी जब मार्ग का निरीक्षण करने पहुंचीं,तो उन्होंने पाया कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई है। सड़क की खराब गुणवत्ता



देखते ही उन्होंने मौके पर मौजूद लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि जनता के पैसे का दुरुपयोग और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### तत्काल कार्रवाई के निर्देश

मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य मंत्री ने केवल फटकार तक ही सीमित नहीं रहीं, बल्कि उन्होंने शासन स्तर पर कड़े कदम उठाते हुए संबंधित ठेकेदार का टेंडर तत्काल निरस्त करने के निर्देश दिए। जिम्मेदार इंजीनियरों को भविष्य के लिए सख्त चेतावनी दी।सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच कर फिर से मानक अनुसार कार्य कराने की बात कही।

### क्षेत्रीय जनता ने सराहा कदम

मंत्री की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्रीय ग्रामीणों में खुशी की लहर है। लोगों का कहना है कि वर्षों के इंतजार के बाद बन रही सड़क अगर गुणवत्ता विहीन बनती तो वह कुछ ही महीनों में उखड़ जाती, लेकिन मंत्री जी की सक्रियता ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगा दी है।

# नर सेवा ही नारायण सेवा: अग्रवाल महासभा द्वारा जिला अस्पताल में कंबल और फल वितरण




**सतना। मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल की मंशानुसार एवं प्रदेश महामंत्री सविता अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में,कड़ाके की ठंड को देखते हुए अग्रवाल महासभा द्वारा एक विशाल कंबल वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**

जिला अस्पताल में आयोजित इस सेवा संकल्प कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल एवं महिला जिला अध्यक्ष सीमा अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर योगेश ताम्रकार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अग्रवाल नव युवक मंडल के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सीताराम(रामू) अग्रवाल द्वारा की गई। जिला अस्पताल के 'सेवा संकल्प' अभियान के तहत मरीजों को भोजन कराने के दौरान राजकुमार (राजू तिरपाल वाले) धवारी की ओर से 'राजभोग' की विशेष व्यवस्था की गई।इस दौरान महासभा के पदाधिकारियों और मातृशक्तियों ने अस्पताल में मौजूद प्रत्येक मरीज के परिजनों को कंबल और फलों का वितरण कर उन्हें राहत पहुंचाई।

### बेटी की उपलब्धि पर गर्व

इस अवसर पर समाज की प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हुए,मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के महामंत्री एवं विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोजित सदस्य संजय अग्रवाल (आशीर्वाद) की सुपुत्री कु. संजना अग्रवाल का विशेष सम्मान किया गया। संजना की नियुक्ति भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में ऑफिशियल लैंग्वेज ऑफिसर के पद पर हुई है। इस उपलब्धि पर उपस्थित पदाधिकारियों ने उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आज सतना दौरा

सतना। जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय 22 दिसंबर को सतना प्रवास पर रहेंगे।वे दोपहर में रीवा से सतना पहुंचेंगे और कलेक्ट्रेट में विकास कार्यों एवं स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा बैठक करेंगे। इसके उपरांत वे जिला अस्पताल की रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे।

# 'ईश्वर का मानव बनना, मानवता के लिए प्रेम और सेवा का संदेश है': बिशप जोसफ कोडकल्लील



**सतना। क्रिसमस का पर्व केवल उत्सव नहीं,बल्कि ईश्वर के असीम प्रेम और शांति का प्रतीक है। काथलिक धर्मप्रान्त सतना के बिशप जोसफ कोडकल्लील ने क्रिसमस 2025 के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए मानवता,सेवा और सद्भाव का संदेश दिया है। बिशप जोसफ ने अपने संदेश में कहा कि क्रिसमस वह दिन है जब ईश्वर ने स्वयं मानव रूप धारण कर इस पृथ्वी पर अवतार लिया,ताकि मनुष्य ईश्वरत्व की ओर अग्रसर हो सके।**

उन्होंने पवित्र बाइबल ( योहन 3:16 ) का संदर्भ देते हुए बताया कि ईश्वर ने संसार से इतना प्रेम किया कि अपने इकलौते पुत्र को हमारे बीच भेज दिया। प्रेम और कृतज्ञता: क्रिसमस का सही अर्थ 'प्यार' है। ईश्वर स्वयं प्रेम है और यह पर्व उसी ईश्वरीय प्रेम को आपस में बांटने का है। हमें गरीबों और वंचितों के प्रति जागरूक रहकर,उनकी सहायता कर और एक-दूसरे का आदर कर ईसा मसीह के जन्म को सार्थक बनाना चाहिए। यह पर्व समाज में भाईचारा,अटूट शांति और देश की एकता के लिए प्रार्थना करने का अवसर है।

### नूतन वर्ष 2026 का संकल्प

बिशप ने आह्वान किया कि हम वर्ष 2025 की विदाई और 2026 का स्वागत ईश्वरीय विचारों और नए संकल्पों के साथ करें।उन्होंने कहा,हमें अपने हृदय और मन को सेवा भाव से रोशन करना चाहिए, ताकि हम नेक कर्मों और भक्ति के साथ जीवन व्यतीत कर सकें।

### सतना में क्रिसमस कार्यक्रम की रूपरेखा

काथलिक धर्मप्रान्त सतना द्वारा क्रिसमस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया है।

24 दिसंबर 2025 को रात्रि 10:00 बजे विशेष प्रार्थना समारोह (मिस्सा बलिदान) 25 दिसंबर को शाम 05:00 से रात्रि 10:00 बजे तक आयोजित किया गया है।

# शीतलहर का सितम: घने कोहरे की चादर में लिपटी रही सुबह, जनजीवन प्रभावित





**सतना। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में मौसम ने अपनी तीखी चाल चल दी है। उत्तर-पश्चिमी सर्द हवाओं के प्रभाव से पूरा जिला कड़ाके की ठंड और ठिठुरन की चपेट में है। आलम यह है कि सुबह से लेकर रात तक लोग सिहरन महसूस कर रहे हैं।**

### दृश्यता हुई बेहद कम

रविवार की सुबह जिले में घना कोहरा छाया रहा,जिसके कारण सड़कों पर दृश्यता घटकर मात्र 50 मीटर रह गई। घने कोहरे का सीधा असर यातायात पर पड़ा; वाहनों की रफ्तार सुस्त पड़ गई और दोपहर 2:30 बजे तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते नजर आए।

### तापमान का गणित

मौसम विज्ञानी आर.के. श्रीवास्तव के अनुसार,हवा में नमी की कमी के कारण सोमवार को भी कोहरा बने रहने की संभावना है,हालांकि रविवार के मुकाबले इसमें थोड़ी कमी आ सकती है। तापमान के आंकड़ों पर नजर डालें तो शनिवार का न्यूनतम तापमान 7.1C दर्ज किया गया।अधिकतम तापमान: 16.9C दर्ज किया गया है। फिलहाल मौसम विभाग ने अगले एक-दो दिनों में बारिश की किसी भी संभावना से इनकार किया है। हालांकि,बर्फीली हवाओं के कारण ठिठुरन अभी बरकरार रहेगी। प्रशासन ने लोगों को ठंड से बचने और वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# एकेएस विश्वविद्यालय में एमसीए विद्यार्थियों के लिए विशेषज्ञ संवाद सत्र आयोजित




सतना। एकेएस विश्वविद्यालय,सतना में एमसीए विद्यार्थियों के लिए सतना स्मार्ट सिटी इन्क्युबेशन सेंटर के सहयोग से एक संवादात्मक विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया गया,जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जोड़ते हुए व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में स्टार्टअप विशेषज्ञ संजना सिंह तथा सतना स्मार्ट सिटी के परियोजना प्रबंधक शांतनु सिंह परिहार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने सतना स्मार्ट सिटी इन्क्युबेशन सेंटर की भूमिका,उसकी विभिन्न पहलें तथा एमसीए विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध प्रशिक्षण और प्रशिक्षण-कार्य (इंटर्नशिप) अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि इन अवसरों के माध्यम से विद्यार्थी उद्योग आधारित अनुभव प्राप्त कर अपने भविष्य को सशक्त बना सकते हैं। विशेषज्ञ सत्र के दौरान विद्यार्थियों को इन्क्युबेशन परिवेश के अंतर्गत उपलब्ध कौशल उन्नयन कार्यक्रमों एवं उद्यमिता आधारित पहलों से अवगत कराया गया। इसी क्रम में 'क्लिफ एआई' नामक कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपकरण का परिचय भी कराया गया,जो विद्यार्थियों की करियर तैयारी,संवाद कौशल तथा समग्र व्यावसायिक विकास को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। इस संवादात्मक सत्र में एमसीए विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण-कार्य,कौशल संवर्धन कार्यक्रमों तथा उभरती प्रौद्योगिकी से जुड़े उपकरणों को लेकर विशेष रुचि दिखाई। ऐसे शैक्षणिक-उद्योग संवाद सत्र विद्यार्थियों के सैद्धांतिक ज्ञान और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का आयोजन कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.प्रमोद सिंह के मार्गदर्शन में किया गया,जिसे कंप्यूटर विज्ञान संकाय के डीन डॉ.अखिलेश ए.वाऊ का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। सत्र की शुरुआत डॉ.प्रमोद सिंह द्वारा विशेषज्ञों के परिचय के साथ की गई,जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ.अखिलेश ए.वाऊ द्वारा प्रस्तुत किया गया।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

रायपुर संस्करण - 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, बिलासपुर संस्करण - 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूंदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - कैंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,भोपाल संस्करण 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, जबलपुर संस्करण- 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### महाराजा छत्रसाल खेल मैदान में हुआ पवई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**पवई।** पवई में बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी महाराजा छत्रसाल खेल मैदान क्रिकेट की महाकुंभ के लिए तैयार है। यहां हमेशा ही नगरवासियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष पवई विधायक प्रहलाद लोधी के संरक्षण में स्वर्गीय महेंद्र सिंह लोधी की पुण्य स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट पवई प्रीमियर लीग का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम एसडीएम समीक्षा जैन, एसडीओपी भावना सिंह दांगी, तहसीलदार त्रिलोक सिंह, वन परीक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल, थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी बीईओ नम्रता जैन, मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया, जनपद अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा, नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत, श्रीमती देवी खटीक, श्रीमती मीनाक्षी सोनी, सुश्री संगीता जायसवाल, आर पी बागरी जमुना खटीक, पुष्पेंद्र पटेल, कान्हू राजा, व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। जिसका शुरुआती मुकाबला टीकमगढ़ और नागौद की टीम के बीच खेला गया। टीकमगढ़ में नागौद को 35 रन से हराकर में अगले दौर में जगह बनाई। मैन ऑफ द मैच छोटू राजा को उनके तीन विकेट और 24 रन के लिए दिया गया।

### 5 माह से स्व सहायता समूह को नहीं मिली एमडीएम की राशि व खाद्यान्न

**पन्ना।** जिले के शासकीय स्कूलों में मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) योजना के अंतर्गत कार्य कर रहे स्व सहायता समूहों को पिछले 5 माह से माध्यन भोजन की राशि न मिली है और न ही खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया है। इससे मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिलाओं की आर्थिक स्थिति गंभीर संकट में आ गई है। समूह से जुड़ी महिलाओं का कहना है कि वे नियमित रूप से स्कूलों में बच्चों के लिए भोजन तैयार कर रही हैं, लेकिन भुगतान न होने से घर चलाना मुश्किल हो गया है। कई महिलाओं के सामने रसोई का खर्च, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतें पूरी करना चुनौती बन गया है। खाद्यान्न की आपूर्ति बाधित होने से कई स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और निरंतरता पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। महिलाओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द लंबित राशि का भुगतान किया जाए और खाद्यान्न की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

### बीएलओ सुपरवाईजर नियुक्त

**पन्ना।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पन्ना विधानसभा क्षेत्र संजय कुमार नागवंशी द्वारा तत्काल प्रभाव से 35 बीएलओ सुपरवाईजर की नियुक्ति की गई है। इनमें राजकुमार यादव, लवकेश यादव, रामराज द्विवेदी, अमित पटेल, रामबाबू अहिरवार, कौशल प्रसाद अवस्थी, राजेन्द्र कुमार प्रजापति, रामशरण राय, उमाशरण सिंह, विजयपाल सिंह लोध, रामदास अहिरवार, सुरेन्द्र त्रिवेदी, रामनरेश ब्राम्हण, राजाभईया अहिरवार, अब्दुल अफजल खान, प्रकाश नारायण तिवारी, धर्मेन्द्र कुमार सुनकर, विनोद कुमार गुप्ता, नाथूलाल कुशवाहा, रमाकांत खरे, प्रमोद कुमार खरे, बृजेश कुमार, कामता प्रसाद साहू, अमीनुद्दीन खान, अभय कुमार जैन एवं कामता प्रसाद शुक्ला शामिल हैं।

# पन्ना जिले की बेटी ज्योति पांडेय ने भौतिक शास्त्र में लहराया परचम

### महाराजा छत्रसाल यूनिवर्सिटी में बनीं गोल्ड मेडलिस्ट



**पन्ना।** जिले की होनहार बेटी ज्योति पांडेय ने शैक्षणिक क्षेत्र में असाधारण सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज, पन्ना की छात्रा ज्योति ने महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर द्वारा आयोजित परीक्षा के भौतिक शास्त्र (चेलपबे) विषय में 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल कॉलेज, बल्कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले छह जिलों में टॉप किया है। इस शानदार उपलब्धि के लिए उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा गोल्ड मेडल (स्वर्ण पदक) से नवाजा जाएगा। ज्योति एक मध्यमवर्गीय कृषक परिवार से आती हैं। उनके पिता रामतीरथ पांडेय पेशे से किसान हैं और माता सुनीता पांडेय गृहणी हैं। ज्योति ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार के मार्गदर्शन और शिक्षकों की मेहनत को दिया है। ज्योति का कहना है कि उनकी इस सफलता के पीछे उनके बड़े पापा ब्रजकिशोर पांडेय, बड़ी माँ ज्ञानलता पांडेय, चाचा रमेश पांडेय, चाची मंजूषा पांडेय सहित दादा-दादी का विशेष योगदान और आशीर्वाद रहा है। परिवार में उनके भाइयों, अक्षय पांडेय और आदित्य पांडेय ने भी उन्हें निरंतर प्रोत्साहित किया।

## दक्षिण पन्ना में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई, सलेहा रेंज में 8 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण मुक्त



**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल के वन परिक्षेत्र सलेहा अंतर्गत वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की सतत कार्रवाई के तहत 8 हेक्टेयर वन क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। यह अतिक्रमण बीट निरीक्षण के दौरान बीट सलेहा के वन कक्ष क्रमांक पी/751 में पाया गया था, जिसे वन अमले द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से हटाया गया। यह कार्रवाई रेंज ऑफिसर जीतू सिंह बघेल के निर्देशन में संपन्न हुई। अभियान में परिक्षेत्र सहायक सलेहा दिलीप सिंह, परिक्षेत्र सहायक खभरी देवेन्द्रगिरी गोस्वामी, बीटगार्ड सलेहा प्रीति दुबे, बिहारी सिंह यादव, अनिल त्रिपाठी, महेन्द्र कुमार अग्रहरि, उमाशंकर पाल, उदय सिगरौल, इन्द्रभान अहिरवार, ज्ञानप्रकाश आरख, सूर्यप्रताप सिंह, मनोज चौरसिया, उमादत्त द्विवेदी तथा सर्किल सलेहा एवं बौलिया के सुरक्षा श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि विगत दो दिनों में कुल 8 हेक्टेयर वन भूमि से अतिक्रमण हटाया जा चुका है। वन विभाग द्वारा भविष्य में भी ऐसे अतिक्रमण विरोधी अभियानों को निरंतर जारी रखा जाएगा।

## जगदीश स्वामी मंदिर, बाबा घाट मंदिर में अज्ञात चोरों ने चटकाए ताले, चोरों के हौसले बुलंद



**पवई।** पवई थाना अंतर्गत बीती रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा दो मंदिरों में ताला चटका कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी अनुसार पवई नगर की आस्था का केंद्र जगदीश स्वामी मंदिर में चोरों ने मंदिर के पीछे के गेट के ताले चटका कर जगत के पालनहार जगदीश स्वामी,बहिन सुहद्रा एवं बलभद्र बलदाऊ जी की प्रतिमाओं के मुकुट चोरी कर ले गए। मंदिर के पुजारी अनूप पाठक के द्वारा रात्रि 8.30 पर बंद किया गया था। रविवार की सुबह 4 बजे जब मंदिर के पट खोलने पहुंचे तो ताले टूटे हुए थे,यह नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। इसकी जानकारी तत्काल ही पुलिस को दी गई,जिस पर तत्काल ही थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी, ए एस आई आर एल तिवारी और प्रधान आरक्षक गणेश सिंह मौके पर पहुंचे और पन्ना से एफ एस एल टीम भी पहुंची और जगदीश स्वामी मंदिर बाबा घाट का मौका मुआवना लिया गया। उन तीन मुकटो की कीमत ढाई लाख रुपये आंकी जा रही है। इस तरह रात्रि में हुई चोरी की वारदात से नगर सहित क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है। हालांकि थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी का कहना है कि अज्ञात चोर शीघ्र ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। मंदिर के पुजारी ने बताया कि कई बार मंदिर समिति के द्वारा शासन प्रशासन से सीसीटीवी कैमरा की मांग की गई लेकिन आज तक कैमरे नहीं लगे,यदि कैमरे लगे होते तो चोर इस तरह की वारदात को अंजाम देने से डरते। उन्होंने एक बार फिर शासन से मंदिर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने और चोर की शीघ्र गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।

## राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत कृषि सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**पन्ना। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत जिले में रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों को कम करने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र पन्ना में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रमंडल सदस्य संजीव खरे के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों से चयनित 41 कृषि सखियों ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न आयामों से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया। विशेषज्ञों ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जैविक और प्राकृतिक खेती के सूक्ष्म अंतर को समझाया और बताया कि कैसे ये सखियां अगले तीन वर्षों तक किसानों को एक एकड़ जमीन पर प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करेंगी।**

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती के मुख्य स्तंभों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। मिट्टी में सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ाने के लिए जीवामृत और घनजीवामृत के निर्माण एवं उपयोग करने की वैज्ञानिक विधि सिखाई गई। साथ ही बीजामृत से बीज उपचार के जरिए फसलों को रोग एवं कीट व्याधि से बचाव एवं अंकुरण क्षमता में वृद्धि कर फसल उत्पादन करने की तकनीक बताई गई। आच्छादन एवं वापसा जैसे महत्वपूर्ण घटकों पर विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि मृदा में नमी संरक्षण, कार्बनिक कार्बन एवं केचुओं की संख्या में वृद्धि तथा कम सिंचाई में फसल उत्पादन कर सकें। प्रशिक्षुओं को फसल विविधीकरण को अपनाने एवं प्राकृतिक खेती विधि को आम लोगों तक पहुंचाने की सलाह दी गई, जिससे किसानों को आर्थिक संबल के साथ साथ बेहतर उत्पादन एवं सुनिश्चित आय प्राप्त हो सके। पशुपालन में टीकाकरण, संतुलित पोषण एवं कृत्रिम गर्भाधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मृदा परीक्षण के महत्व एवं मृदा नमूना लेने की विधियों के बारे में भी कृषि सखियों को बताया गया। प्रशिक्षुओं को फसलों को रोगों एवं कीट व्याधियों से बचाने के लिए प्राकृतिक कीटनाशकों ब्रम्हास्त्र, अग्निअस्त्र और नीमास्त्र के निर्माण पर जोर दिया गया, जो कृषकों के प्रक्षेत्र पर आसानी से तैयार किए जा सकते हैं एवं रासायनिक कीट नियंत्रण की तुलना में आर्थिक एवं पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर रूप से कारगर हैं। इस कार्यक्रम में सखियों को प्राकृतिक विधि से सब्जी, फल एवं फूल की खेती करने पर विशेष सलाह भी दी गई। प्रशिक्षण के समापन सत्र में कृषि सखियों के प्राकृतिक खेती से संबंधित शंकाओं को दूर किया गया। साथ ही उनके द्वारा प्रशिक्षण के अनुभव भी साझा किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और अपने क्षेत्रों में जाकर किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। समापन कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पी.एन. त्रिपाठी, तरुण पाठक, नोडल अधिकारी डॉ. रितेश जायसवाल, वैज्ञानिक डॉ. आर.पी. सिंह, रितेश बगोरा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जयचंद लोधी, देशराज प्रजापति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आर.पी. सिंह द्वारा किया गया।



## मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस का विशाल धरना, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

### श्रमिकों व किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार को घेरा

**पन्ना।** भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा का नाम बदले जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा रविवार को जिला मुख्यालय स्थित गांधी चौक पर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के जिलाध्यक्ष अनीश खान ने किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर श्रमिकों के अधिकारों को कमजोर करने, संघीय जिम्मेदारियों को समाप्त करने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। धरना उपरांत महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मनरेगा योजना का नाम यथावत रखने, किसानों एवं आम जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों के शीघ्र समाधान तथा जनहितकारी योजनाओं की रक्षा की मांग की गई। वरिष्ठ कांग्रेसियों ने धरने को



संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और किसानों की आजीविका की रीढ़ है। इसके नाम एवं स्वरूप से छेड़छाड़ कर भाजपा सरकार आम जनता के अधिकारों पर हमला कर रही है, जिसे कांग्रेस पार्टी कभी स्वीकार नहीं करेगी। प्रमुख रूप से उपस्थित जनों में जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के जिलाध्यक्ष अनीश खान, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, पूर्व विधायक महेंद्र बागरी, पूर्व प्रत्याशी शिवजीत सिंह भैया राजा, पूर्व प्रत्याशी जीवनलाल सिद्धार्थ, राजेश तिवारी, मुरारी लाल थापक, मनीष मिश्रा, पुरुषोत्तम जडिय़ा, मार्तंड देव बुंदेला, आनंद शुक्ला, भभूत सिंह राजपूत, रामबहादुर द्विवेदी, राजबहादुर पटेल, जितेंद्र जाटव, कदीर खान, जन्मजय अरजरिया, शिवप्रकाश दीक्षित, दीपक तिवारी, सौरभ पटेरिया, सुनील अवस्थी, सेवालाल पटेल, श्रीमती रमा बुंदेला, जगदीश यादव, रामबहोरी लोधी, मिलन कुशवाहा, बबलू गौतम, सौरभ दुबे, सुरेंद्र नामदेव, छबिलाल चौधरी, श्रीमती रहीमा खातून, श्रीमती राधा चौधरी, श्रीमती गीता वंशकार, केशरी अहिरवार, जवाहर पटेल, जयकुमार कुशवाहा, अजीत कुशवाहा, प्रहलाद यादव, सरदार सिंह यादव, रविंद्र मिश्रा, आशीष बागरी, नृपेंद्र सिंह, शुभम रजक, अंकित शर्मा, अमित शर्मा, हसीब खान, रवि यादव, राजाजी बुंदेला, अजय पाल लोधी, राजेश द्विवेदी, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, रियासत खान, आमिर खान, राजा बाबू पटेल, नरेंद्र विश्वकर्मा, दीपेंद्र यादव, वेदांत मिश्रा, मुख्तियार बेग, पूरन लाल शर्मा, भगवान दास साहू, चंद्रभान लोधी, बृजेंद्र यादव, ऋषभ गर्ग, वसीम खान, फैज मोहम्मद, फैयाज मोहम्मद, इमरान राइन, विक्रम सिंह, पेशनी अहिरवार, मैकूलाल अहिरवार, उद्रेशी प्रसाद लोधी, जीतू यादव, यूनुस खान, अभिषेक चौरसिया एवं मुन्नीलाल वंशकार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, किसानों, श्रमिकों एवं आम नागरिकों की सहभागिता रही।

## विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन पन्ना एवं जिले के समस्त थाना एवं चौकियों में आयोजित किये गये तनाव मुक्ति एवं ध्यान कार्यक्रम







**पन्ना। पुलिस मुख्यालय एवं हार्टफुलनेस संस्थान के मध्य संपन्न हुए एमओयू के अंतर्गत पुलिस कर्मियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में निरंतर ध्यान एवं आत्मचिंतन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।**

इसी क्रम में विश्व ध्यान दिवस 21 दिसंबर 2025 के अवसर पर पन्ना जिले के जिला मुख्यालय सहित समस्त थाना एवं चौकियों में सामूहिक ध्यान सत्रों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पन्ना में आयोजित मुख्य ध्यान सत्र में पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना चौहान के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।प्रशिक्षित मार्गदर्शकों के सहयोग से आयोजित इस ध्यान साधना में जिले के समस्त थाना एवं चौकियों में पदस्थ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित हुए तथा पूर्ण समर्पण एवं उत्साह के साथ ध्यान अभ्यास कर मानसिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। इन ध्यान सत्रों का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों को मानसिक संतुलन प्रदान करना, कर्तव्य निर्वहन के दौरान उत्पन्न तनाव को कम करना, आत्मबल एवं एकाग्रता को सुदृढ़ करना तथा सेवा भाव को और अधिक मजबूत करना रहा। ध्यान के माध्यम से पुलिस बल को आत्मसंयम, सकारात्मक सोच एवं संवेदनशील कार्यशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। ध्यान सत्रों के दौरान हार्टफुलनेस प्रशिक्षकों एवं जिला पुलिस के समन्वयकों द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विश्व ध्यान दिवस के महत्व, ध्यान के लाभों तथा इसे दैनिक जीवन एवं पुलिस कार्यप्रणाली में अपनाने की आवश्यकता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सभी पुलिसकर्मियों को दिनांक 21 दिसंबर 2025 को रात्रि 8:00 बजे यूट्यूब के माध्यम से कान्हा शांतिवलम, हैदराबाद से प्रसारित होने वाले विश्व ध्यान दिवस के विशेष कार्यक्रम से जुड़ने हेतु भी प्रेरित किया गया, जिससे वे वैश्विक स्तर पर आयोजित ध्यान साधना से जुड़कर आत्मविकास की अनुभूति कर सकें।



## हरदी धान खरीदी केंद्र में नियमों की अनदेखी, किसानों से अवैध तौल का आरोप

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ क्षेत्र के हरदी धान खरीदी केंद्र में नियमों की खुलेआम अनदेखी किए जाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। किसानों का कहना है कि शासन द्वारा निर्धारित 40 किलो प्रति बोरी के मानक के बजाय केंद्र पर उनसे 41 किलो धान की अवैध तौल कराई जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों के अनुसार धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता का पूरी तरह अभाव है। आरोप है कि केंद्र पर बिना ग्रेडर के ही धान की खरीदी की जा रही है। इसके चलते कचरा और अधिक नमी मिला धान भी स्वीकार किया जा रहा है, जो कि खरीदी नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इससे न केवल गुणवत्ता मानकों की अनदेखी हो रही है, बल्कि ईमानदारी से साफ और सूखा धान लाने वाले किसानों के साथ अन्याय भी हो रहा है। स्थानीय किसानों का कहना है कि कई बार आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद केंद्र प्रबंधन द्वारा उनकी शिकायतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि नियमों के खिलाफ तौल और खरीदी से केंद्र पर अवैध लाभ कमाया जा रहा है। इन अनियमितताओं से आक्रोशित किसानों ने कलेक्टर पन्ना से पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और धान खरीदी केंद्र में चल रही कथित गड़बड़ियों पर क्या कदम उठाए जाते हैं।

**खबर संक्षेप**

## अवैध पिस्टल के साथ बदमाश गिरफ्तार



**छतरपुर।** थाना सिविल लाइन पुलिस को रविवार दोपहर क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सटई रोड स्थित गल्ला मंडी के पास एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुँचकर घेराबंदी की और संदेही को रोक लिया। पुलिस टीम द्वारा जब संदेही की तलाशी ली गई, तो उसके पास से एक अवैध पिस्टल बरामद हुई, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 35,000 बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिलीप उर्फ दीपू जाटव पुत्र हरि जाटव, निवासी वार्ड नंबर 32, छुई खदान के पास, छतरपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अभिरक्षा में लेकर उसके विरुद्ध आयुध अधिनियम (आर्म्स एक्ट) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी गई है और अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया जारी है।

## जिले के सात विकासखंडों में 26 दिसंबर तक होंगे शिविर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना के अंतर्गत जिले में पशु स्वास्थ्य परीक्षण एवं बाँझता निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के सफल संचालन हेतु उपसंचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संबंधित विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। सभी अधिकारियों को अपने अधीनस्थ अमले के साथ निर्धारित तिथियों में शिविर आयोजित करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। शिविरों के आयोजन के लिए औषधि, स्टेशनरी एवं प्रचार-प्रसार सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है। विकासखंड दमोह के ग्राम कालापानी, कादीपुर, रमपुरा एवं पालर में 21, 22, 24 एवं 26 दिसंबर को शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के लिए डॉ. बी.बी. शुक्ला को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखंड पटेरा के ग्राम बरखेरा बेस, कुंवरपुर, रमगढ़ा एवं कुड़ई में 21 से 24 दिसंबर तक शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों के नोडल अधिकारी डॉ. एच.एच. खान होंगे। इसी प्रकार विकासखंड हटा के ग्राम बिजवार, भिड़ारी, बंधा एवं कनकपुरा में भी 21 से 24 दिसंबर तक शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनके नोडल अधिकारी भी डॉ. एच.एच. खान नियुक्त किए गए हैं।

## एसपी के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट, पुलिस ने जारी की सख्त चेतावनी

**दमोह।** दमोह पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके नाम (श्रुतकीर्ति सोमवंशी) से फेसबुक पर एक फर्जी अकाउंट बनाया गया है। यह अकाउंट पूरी तरह से फर्जी है और इसका पुलिस अधीक्षक या पुलिस प्रशासन से कोई भी संबंध नहीं है। पुलिस अधीक्षक ने आम जनता को सतर्क करते हुए अपील की है कि इस फर्जी फेसबुक अकाउंट से किसी भी प्रकार का संपर्क न करें। साथ ही किसी भी स्थिति में अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक डिटेल्स या किसी तरह की वित्तीय जानकारी साझा न करें। ऐसे फर्जी अकाउंट के माध्यम से लोगों को गुमराह करने और ठगी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस तरह का फर्जी अकाउंट बनाना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। फर्जी अकाउंट बनाने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। साइबर सेल ने शुरू की जांच मामले को गंभीरता से लेते हुए दमोह पुलिस की साइबर सेल ने तत्काल जांच शुरू कर दी है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर फर्जी अकाउंट बनाने वाले आरोपी की पहचान की जा रही है और उसे शीघ्र गिरफ्तार कर कानूनी रूप से दंडित किया जाएगा। इसके साथ ही फेसबुक प्लेटफॉर्म को भी इस फर्जी अकाउंट की जानकारी दे दी गई है, ताकि अकाउंट को जल्द से जल्द हटाया जा सके और भविष्य में इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध सोशल मीडिया अकाउंट की जानकारी तुरंत पुलिस या साइबर सेल को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### 101 वोट से हुए एडवोकेट शिवप्रताप सिंह चौहान विजयी

# संपन्न हुआ बार संघ का चुनाव आधी रात तक चली वोटों की गिनती

**छतरपुर**

इस बार छतरपुर में हुए बार संघ के चुनाव ऐतिहासिक रूप से दिलचस्प रहे। बार संघ के अध्यक्ष के तौर पर एडवोकेट शिवप्रताप सिंह चौहान को कमान मिली है। एडवोकेट शिवप्रताप सिंह चौहान ने 323 वोट हासिल कर 101 वोट से राकेश कुमार दीक्षित को यह मुकाबला हराया है। राकेश दीक्षित को कुल 222 वोट मिले। इसके अलावा नरेन्द्र कुमार खरे, विनोद दीक्षित, नरेन्द्र त्रिवेदी, रामनारायण कुशवाहा और मनोज व्यास भी अध्यक्ष की रेस में पराजित हुए। बार संघ में दो उपाध्यक्षों को चुना जाना था, महिलाओं की ओर से रश्मि यादव और पुरुषों की ओर से लखन दुबे उपाध्यक्ष चुने गए। सचिव के रूप में एडवोकेट अनिल द्विवेदी ने वशिष्ठ नारायण श्रीवास्तव को नजदीकी मुकाबले में सिर्फ 8 वोट से शिकस्त दी है। सहसचिव के रूप मे सुरेन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष के रूप में आशीष पटैरिया, ग्रंथपाल के रूप में मुकेश कुमार बाजपेयी चुने गए, तो वहीं सुधांशु शरण दीक्षित, हरिशंकर कुशवाहा और अजय बिंदुआ कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

इस बार का अधिवक्ता संघ का चुनाव कई घटनाओं के कारण चर्चा के केन्द्र में बना रहा। इसकी कई वजहें हैं, पहली वजह यह कि इस बार अधिवक्ता संघ के चुनाव को भी आम चुनावों की तरह खूब प्रचार-प्रसार के साथ लड़ा गया। यह पहली बार हुआ जब प्रत्याशियों ने एक-दूसरे को हराने के लिए न सिर्फ उनके कार्यकाल पर कीचड़ उछाला बल्कि व्यक्तिगत जीवन पर भी खूब विमर्श हुआ। आम चुनावों की तरह प्रत्याशियों ने वादे और दावों की झड़ी लगाई।



अध्यक्ष चुने गए शिवप्रताप सिंह चौहान लगभग एक महीने से इस चुनाव की तैयारी में घर-घर जा रहे थे, जिसका उन्हें फायदा मिला। मतदान के दिन एक वकील साहब घोड़े पर बैठक वोट डालने पहुंचे, जिसके कारण छतरपुर बार संघ का यह चुनाव राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आ गया।

### 15 घंटे चली वोटों की गिनती, आधी रात को आए परिणाम -

सबसे कठिन दिन था 20 दिसंबर का दिन जब मतगणना होनी थी। अधिवक्ता संघ के तमाम पदाधिकारियों के चुनाव के लिए कुल 889 के आसपास मतदान हुआ लेकिन सोचिए सिर्फ इतने वोट को गिनने के लिए 15 घंटे लग गए। निर्वाचन अधिकारियों की छोटी संख्या और संसाधनों की कमी के कारण सुबह 10 बजे से शुरु हुई गिनती रात 3 बजे तक चलती रही। आधी रात के बाद जब अध्यक्ष और सचिव जैसे पदों की गिनती शुरु हुई तो यहां माहौल बिगडऩे लगा। प्रत्याशियों के समर्थक बढऩे लगे, मतगणना में धांधली होने की आशंकाएं भी बढऩे लगीं। बिजली गुल न हो जाए इसके लिए कुछ प्रत्याशियों ने अपनी तरफ से इंतजाम शुरु किए, समर्थकों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ी तो यहां पुलिस बल की तैनाती बढ़ानी पड़ी। मतपत्रों की गिनती का सीधा टेलीकास्ट अदालत परिसर में लगाई गई एक एलईडी स्क्रीन पर किया गया और आखिरकार रात 3 बजे सभी प्रत्याशियों के परिणामों का ऐलान कर दिया गया।

अधिवक्ता संघ के चुनाव परिणाम रात्रि करीब 3 बजे घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर शिवप्रताप सिंह चौहान (रिशु) ने 323 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राकेश कुमार दीक्षित (222 मत) को 101 मतों से हराया। अन्य उम्मीदवारों में नरेंद्र खरे 121, विनोद दीक्षित (गुड्डू वकील) 58, नरेंद्र त्रिवेदी 56, रामनारायण कुशवाहा 33 तथा मनोज व्यास को 29 मत मिले। 9 मत निरस्त हुए। सचिव पद पर रोचक मुकाबले में अनिल कुमार द्विवेदी ने 285 मतों से जीत दर्ज की। वे वशिष्ठ नारायण श्रीवास्तव (277 मत) से मात्र 8 मतों से आगे रहे। अभिलाष पटेरिया को 206 और बीरेंद्र तिवारी को 31 मत मिले। यहां 68 मत निरस्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर लखन लाल द्विवेदी (327 मत), महिला उपाध्यक्ष पर रश्मि यादव (248 मत), सहसचिव पर सुरेंद्र मिश्रा (500 मत) तथा ग्रंथपाल पर मुकेश कुमार बाजपेई (458 मत) विजयी रहे। वहीं कोषाध्यक्ष के पद पर आशीष पटैरिया को निर्विरोध चुना गया।



# महाराजा छत्रसाल 70 वें लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को खेले गए 6 रोमांचक मुकाबले

**नौगांव।** नगर के राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में लोकल क्रिकेट का महाकुंभ हुआ शुरू। कीड़ा सभापति अमित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को 6 अहम मुकाबले खेले गए जिसमें पहला मुकाबला समर्थ स्पोर्ट्स पिपरी बनाम गायत्री क्लब के मध्य खेला गया जिसमें समर्थ स्पोर्ट्स पिपरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 6 ओवरों में 46 रन बनाए 47 रनों का लक्ष्य दिया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी गायत्री क्लब की टीम ने बड़ी ही आसानी से इस मैच को 9 विकेट से जीत लिया दूसरा मुकाबला कबीर सिंह ए बनाम जॉन किंग्स के मध्य खेला गया जिसमें कबीर सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 63 रन बनाए 64 रनों का लक्ष्य रखा जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जॉन किंग की टीम मात्र 48 रन ही बना सकी और कबीर सिंह ने इस मैच को 16 रनों से जीत लिया। जबकि तीसरा मुकाबला नौगांव छावनी 11 बनाम मोनोफेनिक सोलर के मध्य खेला गया जिसमें मोनोफैनिक के लिए टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 36 रन बनाए और 37 रनों का लक्ष्य दिया जवाब में बल्लेबाजी करनी उतरी नौगांव छावनी की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट से मैच जीत लिया। चौथा मुकाबला कबीर सिंह जूनियर बनाम गैलेक्सी हीटर के मध्य खेला गया। जिसमें कबीर सिंह जूनियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 60 रन बनाए और 61 रनों का लक्ष्य दिया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी गैलेक्सी हिटर की टीम मात्र 15 रन ही बना सकी और इस मैच को कबीर सिंह जूनियर ने 46 रनों से जीत लिया। पांचवा मुकाबला एएस ज्वैलर्स बनाम अधिवक्ता संघ के मध्य खेला गया जिसमें अधिवक्ता संघ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 34 रन बनाएं और 35 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने में उतरी एएस ज्वैलर्स की टीम ने इस मैच को बड़ी ही आसानी से 10 विकेट से जीत लिया। दिन का छठवा और अंतिम मुकाबला न्यू गोल्डन ए बनाम सनराइज हाई सेकेंडरी के मध्य खेला गया। जिसमें न्यू गोल्डन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 66 रन बनाएं और 67 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइज हाई सेकेंडरी की टीम मात्र 32 रन ही बना सकी और इस मैच को न्यू गोल्डन ने 35 रनों से जीत लिया। मैचों में अंपायर की भूमिका केदार आनंद तिवारी, संदीप साहू, सोनू साहू , इशराज कुरैशी , अरविंद तिवारी, दीपू पाल, अंकित पाटकर, योगेंद्र बुंदेला, और विनीत रावत ने संभाली।

### बस चालकों की मनमानी से रोज लग रहा जाम

# प्रशासनिक की विफलता की भेंट चढ़ा नया बस स्टैंड



**लवकुशनगर।** प्रशासनिक ढिलाई और बस चालकों की मनमानी के कारण शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नगर परिषद द्वारा लाखों की लागत से निर्मित नया बस स्टैंड पिछले दो वर्षों से सूना पड़ा है, जबकि मुख्य सड़कों को ही अवैध रूप से बस स्टैंड बना लिया गया है। इस अव्यवस्था के कारण न केवल हर रोज भीषण जाम लग रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना रहता है। स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों द्वारा कई बार शांति समिति की बैठकों में यह मुद्दा उठाए जाने के बावजूद, पुलिस और प्रशासन इस गंभीर समस्या का कोई ठोस समाधान निकालने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

लवकुशनगर प्रशासन की लचर व्यवस्था के कारण शहर की मुख्य सड़कों पर बस चालकों का कब्जा बना हुआ है। बस चालक अपनी मर्जी से जहाँ चाहे बसें खड़ी कर रहे हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो रहा है। गौर करने वाली बात यह है कि चंदला रोड पर लाखों रुपये की लागत से नया बस स्टैंड करीब दो साल पहले बनकर तैयार हो गया था और एक वर्ष पूर्व क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटैरिया द्वारा इसका औपचारिक उद्घाटन भी किया गया था। उस समय उम्मीद जताई गई थी कि शहर को जाम से मुक्ति मिलेगी, लेकिन आज भी बसें नए स्टैंड की बजाय शहर के बीचों-बीच सड़कों पर खड़ी हो रही हैं। इस अव्यवस्था को लेकर नगरवासियों में गहरा रोष है। लोगों का आरोप है कि बस चालकों को जाम की समस्या से कोई सरोकार नहीं है और प्रशासन भी इस ओर से उदासीन बना हुआ है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी महादेव अवस्थी ने बताया कि उनके द्वारा पूर्व में दो बार पुलिस प्रशासन को सहयोग हेतु पत्र जारी किए जा चुके हैं। एक बार पुलिस ने चालानी कार्रवाई भी की थी, लेकिन निरंतर और सख्त पालन न होने के कारण बस चालकों की मनमानी फिर से शुरू हो गई है। श्री अवस्थी ने आश्वासन दिया है कि वे पुनः पुलिस प्रशासन को पत्र लिखकर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करवाएंगे ताकि यातायात सुचारू हो सके और नए बस स्टैंड का संचालन शुरू हो सके।

# नौगांव सीएचसी में नाबालिग ने दिया नवजात को जन्मः मृत, 1 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**इलाज के नाम पर भटकी बच्ची और सिस्टम बेखबर, उल्टी-दस्त का इलाज, फिर 6–7 माह का गर्भ**

**नौगांव।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक सन सनी फैलाने बाला मामला आया सामने यह मामला न केवल मार्मिक है, बल्कि स्वास्थ्य तंत्र पर एक कड़ा प्रहार है। सामाजिक निगरानी और प्रशासन पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करता है। एक नाबालिग बच्ची ने मृत नवजात शिशु को जन्म दिया, जिसे चिकित्सकों ने प्रसव के समय ही मृत बताया। सूचना मिलते ही नौगांव पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू की।



### बीमारी के बहाने अस्पताल, गर्भ पर किसी की नजर नहीं

परिजनों के अनुसार बच्ची को कुछ दिनों से उल्टी और दस्त की शिकायत थी। इसी कारण सबसे पहले उसे नौगांव सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के नाम पर कुछ इंजेक्शन लगाए गए। इसके बावजूद बच्ची को कोई आराम नहीं मिला। सबसे बड़ा सवाल यही है कि इलाज के दौरान किसी स्तर पर उसकी गर्भावस्था को लेकर कोई जांच क्यों नहीं हुई।

अस्पताल कैंपस में रहने वाली डॉक्टर ने किया चौंकाने वाला खुलासा। राहत न मिलने पर परिजन बच्ची को अस्पताल कैंपस में रहने वाली डॉक्टर प्रियंका सक्सेना के यहां लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने जांच की तो गर्भ होने की पुष्टि हुई। डॉ प्रियंका सक्सेना के अनुसार उन्होंने परिजनों को तुरंत बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी।

### घर के अंदर गई बच्ची, लौटकर आई तो खून से सनी थी

डॉक्टर के मुताबिक जब बच्ची उनके घर के अंदर गई और कुछ ही देर बाद बाहर लौटी, तो बच्चा मिसकैरेज हो चुका था। घर के अंदर खून फैला हुआ था, और भ्रूण बाहर आ चुका था। परिजन उसे पॉलिथीन में रखकर डॉक्टर के पास लाए। डॉक्टर ने भ्रूण की स्थिति देखकर बताया कि वह करीब 6 से 7 माह का था। हालात को गंभीर मानते हुए उन्होंने बिना देर किए बच्ची को तुरंत अस्पताल ले जाने को कहा।

### अस्पताल में इलाज शुरू, बच्ची की हालत अब स्थिर

इसके बाद बच्ची को नौगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने तत्काल उपचार शुरू किया। बीएमओ रविंद्र पटेल ने बताया कि सुबह के समय नाबालिग को सीएचसी में एडमिट किया गया। डिलीवरी हो चुकी थी और बच्चा मृत पाया गया। पूरे मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। फिलहाल बच्ची की हालत स्थिर है और वह चिकित्सकीय निगरानी में है।

### पॉक्सो एक्ट में एफआईआर, एक आरोपी चिन्हित -

थाना प्रभारी टी बाल्मीकि चौबे ने बताया कि नाबालिग के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। मामला मिसकैरेज का है, लेकिन पीड़िता नाबालिग होने के कारण पास्को एक्ट और अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, और पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच की जा रही है। घटना की जानकारी बाल संरक्षण विभाग और प्रशासन को दे दी गई है। यह जांच का विषय है कि नाबालिग इतने महीनों तक गर्भवती रही और किसी को भनक तक नहीं लगी।

**महिला सशक्तिकरण और नारी दृष्टिकोण पर हुआ गंभीर मंथन**

# खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ नारी शक्ति और सिनेमा का संगम

**खजुराहो।**

इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 के छठे दिन सिनेमा के पर्दे से इतर समाज की आधी आबादी के दृष्टिकोण पर गंभीर चर्चा हुई। भारत में महिलाओं का दृष्टिकोण क्यों महत्वपूर्ण है? विषय पर आयोजित एक विशेष सेमिनार ने फेस्टिवल में वैचारिक गहराई जोड़ दी। फिल्म जगत के दिग्गजों ने एक स्वर में माना कि सिनेमा और साहित्य में नारी संवेदनाओं को सही स्थान देना समय की मांग है। चर्चा में ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और कहानियों में उनके वास्तविक संघर्षों को चित्रित करने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया।



खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के छठे दिन शनिवार को कार्यक्रमों की शुरुआत एक महत्वपूर्ण सेमिनार के साथ हुई। इस चर्चा में भारतीय सिनेमा के बहुमुखी कलाकार, लेखक और निर्देशक सौरभ शुक्ला ने अपनी संवेदनशील दृष्टि साझा की। सुप्रसिद्ध दिग्दर्शिका और लेखिका बर्नाली रे शुक्ला ने ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि फिल्म फेस्टिवल के ऐसे सेमिनार समाज पर अलग छाप छोड़ते हैं। अंतरराष्ट्रीय अभिनेत्री मारियन बोर्गो ने वैश्विक संदर्भ में महिलाओं की अभिव्यक्ति के महत्व को रेखांकित किया, जबकि अनुभवी समीक्षक भारती प्रधान ने भारतीय सिनेमा के बदलते स्वरूप में महिलाओं की भूमिका पर विचार रखे। सिनेमैटोग्राफर सुकुमार जतानिया ने सिनेमाई विज़ुअल के माध्यम से महिला दृष्टिकोण को समझाने की बारीकियों पर प्रकाश डाला। साहित्यकार के. डी. सिंह और लेखक-निर्देशक सुधीर आजाद ने भी कहानी कहने की प्रक्रिया में महिलाओं की संवेदनाओं, अनुभवों और उनके वास्तविक संघर्षों को शामिल करने की अनिवार्यता पर बल दिया। इस सत्र ने न केवल फिल्म प्रेमियों बल्कि छात्रों और समाजसेवियों को भी गहराई से प्रभावित किया।

### पिंटू यादव और वर्षा सिंह को मिला बुंदेलखंड गौरव सम्मान -

फिल्म फेस्टिवल में धर्मनगरी चित्रकूट के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से मुंबई की फिल्मी हस्तियों का दिल जीत लिया। खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के पाँचवें दिन आयोजित बुंदेली सांस्कृतिक संध्या में पिंटू यादव और वर्षा सिंह को बुंदेलखंड गौरव सम्मान प्रदान किया गया। अभिनेता और कार्यक्रम संयोजक राजा बुंदेला ने कलाकारों की प्रतिभा की सराहना करते हुए पूरी टीम को सम्मानित किया। इन कलाकारों की प्रस्तुति ने न केवल दर्शकों को भावविभोर किया, बल्कि बॉलीवुड सितारों को भी बुंदेली माटी की कला का कायल बना दिया। खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के पाँचवें दिन शुक्रवार को पूरी शाम बुंदेली संस्कृति के नाम रही। चित्रकूट के पिंटू यादव और वर्षा सिंह ने तृष्णा साहू और विकास नामदेव के साथ मिलकर बुंदेली कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। विशेष आकर्षण तब रहा जब वर्षा और पिंटू ने वरिष्ठ अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी के चर्चित गीत "क्यों आगे पीछे घूमते हो भौरों की तरह" पर बुंदेली अंदाज में प्रस्तुति दी, जिसे देख वहाँ मौजूद फिल्मी हस्तियाँ मंत्रमुग्ध हो गईं। कार्यक्रम के संयोजक राजा बुंदेला ने पूरी टीम को 'बुंदेलखंड गौरव सम्मान' से नवाजा। उल्लेखनीय है कि 16 से 22 दिसंबर तक चलने वाले इस महोत्सव का शुभारंभ दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर द्वारा किया गया था, जिसमें दीपशिखा (बादशाह) और पूनम ढिल्लो जैसी प्रसिद्ध हस्तियाँ शामिल हुई हैं।

**ग्रामीणों ने केवल उन्नत मुर्रा नस्ल की भैंस पालन का लिया संकल्प**

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान में पशुपालकों को दी गई उन्नत पशुपालन की जानकारी



**छतरपुर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की निर्देशन एवं मंशानुसार मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में छतरपुर जिले में कलेक्टर पार्थ जैसवाल के नेतृत्व में पशुपालन विभाग द्वारा गांव-गांव जाकर पशुपालकों को उन्नत पशु नस्ल, संतुलित पशु पोषण एवं उत्तम गर्भाधान के महत्व की जानकारी दी जा रही है।

अभियान के तहत बड़ामलहरा विकासखंड के ग्राम मथनीखेड़ा का भ्रमण किया गया। उपसंचालक पशुपालन विभाग डॉ. अशोक जैसवानी ने बताया कि ग्राम मथनीखेड़ा की सबसे विशेष बात यह है कि यहां के पशुपालकों ने लगभग 10 वर्ष पूर्व केवल मुर्रा नस्ल की भैंस पालन का संकल्प लिया और कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से नस्ल सुधार किया। आज पूरे गांव में प्रत्येक परिवार द्वारा केवल मुर्रा नस्ल की भैंसें ही पाली जा रही हैं। उन्होंने बताया कि गांव के प्रत्येक परिवार के पास 2 से लेकर 30 तक भैंसें हैं। ग्रामीणों द्वारा दुग्ध समिति का गठन कर सांची दुग्ध संघ को नियमित रूप से दूध आपूर्ति की जा रही है, जिससे उन्हें 80 से 85 रुपये प्रति किलो की दर से भुगतान प्राप्त हो रहा है। दूध से अर्जित आय के माध्यम से कई पशुपालकों के बच्चों ने दुग्ध व्यवसाय से जुड़कर अच्छा आर्थिक लाभ भी अर्जित किया है। डॉ. जैसवानी ने बताया कि ग्राम मथनीखेड़ा को एक आदर्श दुग्ध ग्राम के रूप में चिन्हित कर शासन को प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। इसके अतिरिक्त अभियान के अंतर्गत ग्राम गहरवार एवं खडग़ायें में भी भ्रमण कर पशुपालकों को पशु नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं उत्तम गर्भाधान संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

**खबर संक्षेप**

## त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव में मतदान 29 दिसम्बर को

**रीवा।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त सरपंच, पंच और जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए उप निर्वाचन में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से अपरान्ह तीन बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों में संपन्न होगा। पंच पद के लिए मतगणना मतदान समाप्ति के तत्काल बाद की जाएगी जबकि सरपंच एवं जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए मतगणना विकासखण्ड मुख्यालय में दो जनवरी को सुबह 8 बजे से आरंभ होगी। उल्लेखनीय है कि जिले में जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 16 के लिए जिला पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत जरहा और महमूदपुर में सरपंच पद तथा जिले में 13 पंच पदों के लिए उप निर्वाचन कराया जाएगा।

## सेमरिया में नगरीय निकाय उप निर्वाचन में मतदान 29 दिसम्बर को

**रीवा।** जिले के सेमरिया नगरीय निकाय में अध्यक्ष पद तथा एक पार्षद पद के लिए निर्वाचन 29 दिसम्बर को सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा। नगर परिषद सेमरिया के अध्यक्ष के लिए बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांधी हाल सेमरिया, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक पाठशाला राजीव गांधी शिक्षा मिशन, प्राथमिक पाठशाला सेमरिया, प्राथमिक पाठशाला कन्या नवीन भवन, आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक वार्ड आठ बी, डॉ अम्बेडकर मांगलिक भवन, तहसील कार्यालय, न्यू हाल बालक उमावि, कार्यालय नगर परिषद, अनुसूचित जाति कन्या आश्रम, अनुविभागीय अधिकारी जरमोहरा दांयी तट नहर सेमरिया भाग एक, आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक वार्ड 13 बी, आदिवासी बालक छात्रावास तथा शासकीय प्राथमिक पाठशाला कोलउरा को मतदान केन्द्र बनाया गया है। जबकि पार्षद पद के लिए मतदान बालक उमावि सेमरिया में होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि मतदान सामग्री 28 दिसम्बर को वितरित की जाएगी। मतगणना शासकीय नवीन महाविद्यालय सेमरिया में 31 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी

## उप संचालक कृषि को संयुक्त संचालक का प्रभार

**रीवा।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक यूपी बागरी को संयुक्त संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। श्री बागरी द्वारा 20 दिसम्बर को रीवा में संयुक्त संचालक का पदभार ग्रहण कर लिया गया है।

## नगरीय विकास एवं आवास मंत्री आज आएंगे रीवा

**रीवा।** नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 22 दिसम्बर को सुबह 11.30 बजे इंदौर से वायुयान से प्रस्थान कर दोपहर 1.15 बजे रीवा एयरपोर्ट आएंगे। मंत्री श्री विजयवर्गीय स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के बाद दोपहर 2.30 बजे सतना के लिए प्रस्थान करेंगे।

## पशुपालकों को मिलेगी पसंद की मुर्रा भैंस, हरियाणा रवाना

**कटनी।** मुख्यमंत्री डेयरी प्लस स्कीम के तहत कटनी के चयनित 8 पशुपालकों को उनकी पसंद की उन्नत मुर्रा नस्ल की दो भैंस प्रति हितग्राही के मान से क्रय करने हेतु करनाल हरियाणा रवाना किया गया है। हितग्राहियों के साथ डॉ साकेत मिश्रा व्हीएएस के नेतृत्व में करनाल में मप्र पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम के द्वारा इन हितग्राहियों को दुधारू पशुओं का क्रय कराया जाएगा। बताते चलें कि मुख्यमंत्री प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत यानी दोगुना करने के उद्देश्य से कार्य कर रहे हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के तहत सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को 50 फीसदी एवं आरक्षित वर्ग अनुसूचित जाति, जनजाति के हितग्राहियों को 75 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।

# विद्युत कटौती से हाल बदहाल, शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक एक जैसा हाल बिजली की आंख-मिचौली से उपभोक्ता परेशान

### किसानों सहित आम उपभोक्ता परेशान व्यापार एवं धान खरीदी केंद्रों में पड़ रहा प्रभाव




**रीवा।** जिले में बिजली की कटौती से किसान व्यापारी से लेकर हर उपभोक्ता परेशान है गांव की हालात और खराब है शायद ही ऐसा कोई दिन हो जब अनवरत 2 घंटे भी बिजली रहती हो बिजली की आंख मिचौली लोगों के लिए न केवल समस्या का कारण बन रही है बल्कि जहां किसानों की खेती प्रभावित हो रही है वहीं व्यापारियों का व्यापार आम उपभोक्ता से लेकर इस समय बिजली कटौती के कारण धान उपार्जन केंद्रों में असर पड़ रहा है। आलम इस कदर है की बिजली की कटौती से आम जनमानस पेयजल के लिए परेशान हो रहे है। जिले के मनगवां, गुड़ एवं सिरमौर विकासखंड अंतर्गत स्थित सभी विद्युत सब स्टेशनों में विद्युत की सप्लाई रुक रुक कर बाधित रहती है। स्थित इस कदर खराब है कि चौबीस घंटे मे दर्जनों बार से अधिक ट्रिप मारकर बिजली गोल हो जाती है जिसके कारण जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालयों सहित कस्बाई तथा अंचल के फोड में लगभग सैकड़ों गांव के उपभोक्ता परेशान होते है। उधर बोरवेल के सहारे पेयजल व्यवस्था होने के कारण जब बिजली बंद हो जाती है तो लोगों को पेयजल के लिए समस्या का सामना करना पड़ता है क्योंकि लोग अब मात्र ट्यूबवेल के सहारे पेयजल की आस लगाए बैठे रहते है लेकिन बिजली का अभाव उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण है। सुधार के नाम पर हजम हो रहा लाखों का बजटविद्युत विभाग हर वर्ष खराब एन्सूलेटरों और अन्य मशीनरी के सुधार के नाम पर लाखों रुपए डकार जाता है लेकिन सुधार की हालत इस प्रकार है कि पुराने इंसुलेटर आए दिन जलते रहते हैं जिससे विद्युत सप्लाई पूरी तरह से बाधित रहती है। इस सबंध में जानकारी देने पर विभाग सुधार होने का कारण बताकर पल्ला झाड़ने का काम करता है। और बिजली उपभोक्ताओं को कभी-कभी अंधेरे में समय गुजारना पड़ता है।खतरों को बुलावा देते हैं लटकते तारजिले के कई ऐसे क्षेत्र है जहां विद्युत तार जमीन तक लटके हुए है कई बार दुर्घटनाएं घट चुकी है लेकिन लटकते विद्युत तारों कासमय पर सुधार न किए जाने से खतरे की स्थिति बनी रहती है। कई जगह तो मुख्य मार्ग के किनारे लटकते हुए तार देखे जा सकते है क्षेत्रीय जनमानस एवं भारतीय किसान संघ द्वारा विभाग के उच्च अधिकारियों से आग्रह किया गया है। कि जमीन तक लटकते हुए विद्युत तारों को जनहित में अति शीघ्र सुधार कराया जाए और किसानों को समय से समय तक विद्युत व्यवस्था की जाए जिससे किसानों के खेतों को समय पर पानी मिल सके।बिना रीडिंग थमाया जाता है लंबा बिलविद्युत विभाग उपभोक्ताओं करे बिना मीटर रीडिंग के बिल थमा रहा है। लगातार 6 घंटे भी बिजली नहीं रहती है यही नहीं एक बल्ब जलाने पाले को भी सी यूनिट का लंबा बिल थमाया जाता है। यही नहीं जिन किसानों ने विद्युत पंप कनेक्शन लिया है ऐसे किसानों पर भार से ज्यादा यानी 2 हॉर्स पावर की जगह 3 और 5 हार्स पावर का बिल बनाकर वसुली करने का खेल भी विद्युत विभाग द्वारा जारी है। किसानों की माने तो इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही जिससे कारण समय पर सिचाई के लिए पर्याप बिजली न मिलने से अंचल के किसानों की माली हालत पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।




## उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय विकास और आवास मंत्री की उपस्थिति में होगा शुभारंभ

रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं नगरीय विकास, आवास और संसदीय कार्य विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति में रीवा एयरपोर्ट में 22 दिसम्बर को रीवा-इंदौर विमान सेवा का शुभारंभ होगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आरंभ होगा। रीवा से इंदौर हवाई सेवा विन्ध्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई गति देगा तथा विकास, व्यापार और पर्यटन के अवसरों को सशक्त बनाएगा। इससे विन्ध्य क्षेत्र के इंदौर में निवासरत हजारों नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी और इंदौर विमानतल से मुंबई, दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, बैंगलोर आदि शहरों के साथ ही विदेशों के लिए भी सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। इस हवाई सेवा से विन्ध्य क्षेत्र के सतना, सीधी, शहडोल, मऊगंज आदि क्षेत्रों के नागरिकों को भी व्यापार, व्यवसाय के साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षा में सुविधा भी मिलेगी। रीवा से इंदौर के लिये एटीआर 72 विमान उड़ान भरेगा। इंडिगो एयरलाइंस की इस नियमित सेवा में वायुयान सुबह 11.30 बजे इंदौर से रवाना होकर दोपहर बाद 1.15 बजे रीवा आयेगा तद्उपरांत 1.35 बजे रीवा से इंदौर रवाना होगा।
इंडिगो एयरलाइंस के विमान से नगरीय विकास एवं आवास मंत्री विजयवर्गीय अपने 40 से अधिक सदस्यीय दल के साथ इंदौर से रीवा आयेंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल स्वयं इस विमान से 70 से अधिक यात्रियों के साथ इंदौर रवाना होंगे। उप मुख्यमंत्री इंदौर पहुंचकर उज्जैन रवाना होंगे तथा उज्जैन में रात्रि विश्राम करेंगे। उप मुख्यमंत्री 23 दिसम्बर को सुबह 4 बजे श्री महाकाल भस्म आरती दर्शन करने के उपरांत सुबह 6 बजे भोपाल रवाना हो जाएंगे।

## सामाजिक सद्भाव मिलन एवं विन्ध्य नायक सम्मान समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री




**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा को विकास के शिखर पर पहुंचाना है और आने वाली पीढ़ी को ऐसा रीवा सौंपना है जहाँ अधोसंरचना विकास के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की उपलब्धता हो। उप मुख्यमंत्री सामाजिक सद्भाव मिलन एवं विन्ध्य नायक सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। सिंधु भवन में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपराओं, सामाजिक समरसता और जन सहयोग की भावना से समर्पित यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष और भी आकर्षक होता जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक राजन वर्मा को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी लोगों के प्रति सद्भाव व विश्वसनीयता का ही परिणाम है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी के सहयोग से मुझे जो ताकत मिली है उसका मैं पूरा सदुपयोग करते हुए सबकी आशाओं और अपेक्षाओं में खरा उतरने की कोशिश करता हूं ताकि रीवा को एक पहचान मिल सके और रीवा देश का उत्कृष्ट जिला बने। उन्होंने कहा कि आगामी 25 दिसम्बर को अटल पार्क में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अटल की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस ऐतिहासिक पल के सभी लोग साक्षी बनें और अटल जी के प्रति अपनी श्रद्धा को प्रकट करें। शुक्ल ने कहा कि 22 दिसम्बर से रीवा-इंदौर की नियमित वायु सेवा आरंभ हो रही है जिससे रीवा के विकास को नए पंख लगेंगे और रीवा के लोग देश व विदेश की यात्रा रीवा से ही टिकट कराकर कर सकेंगे। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, आयोजक राजन वर्मा, पार्षद दीनानाथ वर्मा, राजेश पाण्डेय, प्रबोध व्यास, विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, राजकिशोर कुशवाहा, कमल सचदेवा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वस्थ केंद्र मनगवा में विधायक नरेन्द प्रजापति के मुख्य अतिथि स्वास्थ शिविर का हुआ आयोजन



**रीवा।** प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 02 वर्ष के सफलतम एवं उत्कृष्ट कार्यकाल की परिपूर्णता के शुभ अवसर पर स्वस्थ्य एवं चिकित्सा विभाग-मनगवां के तत्वावधान में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनगवाँ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक मनगवां इन्जीनियर नरेन्द्र प्रजापति रहे। विधायक मनगवां ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। 02 वर्ष के सफलतम एवं उत्कृष्ट कार्यकाल की परिपूर्णता पर विधायक ने सभी नागरिकों को बधाइयाँ एवं हार्दिक शुभकामनायें दीं एवं स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में राजेन्द्र शुक्ला के द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनगवाँ में नई एक्स रे मशीन का उद्घाटन भी किया। विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में विधानसभा मनगवां में कई प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों का बेहतर संचालन हो रहा हैएवं नये स्वास्थ्य केन्द्रों की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है जो निर्माणाधीन हैं। जैसे कि गढ़ में, रामपुर में, रघुनाथगंज में, लालगाँव में, बेलवापैकान में, घोपी सहित कई ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।इस शिविर का आयोजन रीवा की सुप्रसिद्ध अस्पताल ₹विहान अस्पताल₹ के द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मनगवां मंडल के अध्यक्ष अरुणेन्द्र मिश्रा जिला सलाहकार समिति के सदस्य लवकुश गुप्ता, विहान अस्पताल की डायरेक्टर कल्पना पटेल, विधायक प्रतिनिधि प्रियंका तिवारी, विधायक प्रतिनिधि पंकज त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि जनपद सदस्य एवं महामंत्री गणेश सिंह,विधायक प्रतिनिधि मोहन तिवारी , विधायक प्रतिनिधि अनीता तिवारी, आशा तिवारी , सुदर्शन जायसवाल , महेन्द्र तिवारी , युवा मोर्चा के अध्यक्ष अखिल सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एवं नागरिक गण उपस्थित रहे एवं सभी ने स्वास्थ्य शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया।

## मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में कांग्रेस का विशाल धरना-प्रदर्शन, सिरमौर चौराहा में राजीव गांधी की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेसजनों ने केंद्र सरकार पर इतिहास मिटाने का लगाया आरोप



**रीवा।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने के विरोध में रविवार को रीवा के सिरमौर चौराहा स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने की।धरना-प्रदर्शन का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार और आरएसएस की विचारधारा के तहत न केवल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले अनेक महापुरुषों के नामों को योजनाओं और इतिहास से क्रमबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है। यह एक सोची-समझी साजिश है, जिसका उद्देश्य देश की नई पीढ़ी को स्वतंत्रता आंदोलन के वास्तविक नायकों से दूर करना है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि स्वतंत्रता आंदोलन कांग्रेस और उसके महापुरुषों के नेतृत्व में लड़ा गया, जबकि आरएसएस और भाजपा से जुड़े किसी भी नेता का आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं रहा। इसी कारण इतिहास से कांग्रेस और स्वतंत्रता सेनानियों के नाम मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसे विश्वविख्यात नेता का नाम योजनाओं से हटाना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि देश की एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी हमला है। शहर अध्यक्ष अशोक पटेल 'झब्बू' ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा और आरएसएस के इन प्रयासों को कभी सफल नहीं होने देगी और लोकतंत्र, संविधान तथा स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रहेगा।कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरीश सिंह द्वारा किया गया। धरना-प्रदर्शन में प्रमुख रूप से रीवा महापौर अजय मिश्रा 'बाबा', डॉ. शीला त्यागी, अब्दुल शहीद मिस्त्री, मुस्तहाक खान, सज्जन पटेल, रमेश पटेल, प्रवीण पाण्डेय, प्रदीप अवस्थी, बलराम गौतम, रामकीर्ति शर्मा, अखिलेश द्विवेदी 'काकू', प्रभा सोहगौरा, अर्चना द्विवेदी, राखी पाण्डेय, नीलम पाण्डेय, लक्ष्मी सिंह, संदीप सिंह, धनेन्द्र सिंह बघेल, अकरम अंसारी, सहफुज खान, अनूप सिंह चंदेल, पंकज पाण्डेय, अनिल तिवारी, भगवान सिंह तिवारी, डॉ. विमल दुबे, राजेश मिश्रा 'बब्बू', उमेश वर्मा, देवती साकेत, प्रीति उपाध्याय, पी.डी. पटेल, सुरेश वर्मा, दिलीप पटेल, चंचल द्विवेदी, जी.पी. त्रिपाठी, अनवर अंसारी, रईश खान, जयप्रकाश श्रीवास्तव, दिलीप चौबे, तरुणेन्द्र तिवारी, जितेन्द्र त्रिपाठी, मुर्तजा अंसारी, नूर अफजल अंसारी, प्रहलाद गुप्ता 'पप्पू', सद्दाम चौहान, रामस्वरूप झंझोट, रालमखन ताम्रकार सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने किया क्षेत्र भ्रमण, दुग्ध समृद्धि और बकरी पालन पर दिया जोर

*रीवा।* दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के अंतर्गत पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने सतना जिले उचेहरा विकासखंड का सघन दौरा कर क्षेत्रीय पशुपालकों को आधुनिक पद्धतियों से जुड़ने का आह्वान किया। संयुक्त संचालक पशुपालन डीएस बघेल तथा उप संचालक सतना ने भ्रमण के दौरान ग्रामीणों और पशुपालकों से सीधा संवाद किया। इस दौरान अधिकारियों ने पशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और नस्ल सुधार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार उन्नत तकनीक अपनाकर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है, जिससे पशुपालकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। भ्रमण की कड़ी में अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में संचालित 'रेनबो गोटरी फार्म' का औचक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फार्म में पशुओं के आहार, आवास की स्वच्छता और स्वास्थ्य प्रबंधन की बारीकियों को परखा। व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के पश्चात संयुक्त संचालक ने फार्म संचालकों को आवश्यक जानकारी प्रदान की, ताकि बकरी पालन को एक लाभकारी और वैज्ञानिक व्यवसाय के रूप में और बेहतर तरीके से स्थापित किया जा सके। इस दौरान विभागीय अमला और स्थानीय पशुपालक उपस्थित रहे।

## मऊगंज में सांसद खेल महोत्सव का समापन, खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

**मऊगंज** विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का समापन पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के खेल मैदान में संपन्न हुआ। जिला स्तरीय इस आयोजन में युवाओं ने खेल भावना और उत्साह का अच्छा प्रदर्शन किया। समापन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाकर खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे और अतिथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर खेल से जुड़े रहने का आह्वान किया।






प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है, बल्कि युवाओं में शारीरिक और मानसिक विकास के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती संतोष सिंह, खेल अधिकारी एमके धौलपुरी, बंशगोपाल तिवारी, संदीप सिंह सहित विभिन्न प्रशिक्षक, मंडल अध्यक्ष, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### राज्यपाल के द्वारा दीक्षांत समारोह मे दी गई उपाधि

# मऊगंज के मनोज द्विवेदी को मिली पीएचडी की उपाधि

मऊगंजः



जिले के पैपखार निवासी मनोज कुमार द्विवेदी ने हिन्दी विषय में अपने शोध कार्यों के सफल पूर्णता के पाश्चात्य पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई है मनोज की प्रारंभिक शिक्षा हाईस्कूल बराँव से, इंटर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊगंज, एस.के.एन. पीजी महाविद्यालय मऊगंज से बीए, एमए (हिन्दी साहित्य) तथा अ.प्र. सिंह वि.वि. रीवा से एम.फिल. की पढ़ाई की। यह उपाधि उन्हें अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और मध्य प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई छगनभाई पटेल के हाथों प्रदान की गई ।मनोज कुमार द्विवेदी ने अपना शोध कर ₹दूधनाथ सिंह के कथा साहित्य में विसंगति और यथार्थ₹ विषय पर किया है। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. ममता उपाध्याय प्राध्यापक शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा के निर्देशन में पूर्ण हुआ। इसका श्रेय इन्होने अपने शोध निर्देशक के साथ-साथ अपने माता-पिता और गुरुजनों के आशिर्वाद एवं परिवार के सभी सदस्यों और मित्रों को दिया है। मनोज वर्तमान में कमला स्मृति महाविद्यालय सीधी में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं । मनोज की इस उपलब्धि पर पिता मुद्रिका प्रसाद द्विवेदी , माता ममता द्विवेदी , अ.प्र.सिंह वि.वि. रीवा हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुशवाह, डॉ. ममता उपाध्याय, सन्तोष सिंह बघेल, रामसखा द्विवेदी, रामानुज द्विवेदी (पूर्व डिप्टी कलेक्टर) , शिवानुज द्विवेदी (एसडीओ), राममुनि तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी (जनपद सदस्य पैपखार), ऋषिराज द्विवेदी (एडीपीओ) डॉ. विवेक द्विवेदी, डॉ. परीक्षित द्विवेदी, राजकिशोर तिवारी, कृष्ण गोपाल तिवारी, मुरलीधर द्विवेदी (बीजेपी मंडल अध्यक्ष), शंकर सुमन द्विवेदी, विद्या कान्त तिवारी, प्रेमानंद त्रिपाठी, जीतेन्द्र मिश्रा, रावेन्द्र कुमार द्विवेदी, मुकेश कुमार द्विवेदी आदि ने बधाई दी और हर्ष व्यक्त किया है।

## बांग्लादेश प्रधानमंत्री का फूंका पुतला, हिंदू संगठन से हिंदू अत्याचार और हत्या के विरोध में किया प्रदर्शन

**रीवा।** भारत देश के पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में हिंदू भाइयों के साथ हो रहे अत्याचार और हत्याओं की घटना के विरोध में आज रीवा में हिंदू महासंघ के द्वारा बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया है।हिंदू संगठन के लोगों ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए भारत सरकार से बांग्लादेश में हिंदू भाइयों के साथ हो रहे अत्याचार पर रोक लगाने और देश में घुसपैठिए बनकर छिपे बांग्लादेशी और पाकिस्तानियों को देश से बाहर निकालने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन रविवार को शहर के मुख्य बाजार स्थित शिल्पी प्लाजा चौराहे में किया गया, जहां हिंदू महासंघ के बैनर तले बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का ना सिर्फ पुतला फूंका गया बल्कि बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। हिंदू संघ महासंघ के पदाधिकारी ने बताया कि बांग्लादेश में कट्टरपंथियों ने एक बार फिर सिर उठाते हुए हिंदू भाइयों के साथ अत्याचार की हद पार करते हुए नरसंहार जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है।उन्होंने देश के केंद्रीय गृहमंत्री से मांग करते हुए कहा कि भारत सरकार जल्द से जल्द बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू भाइयों पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाए, साथ ही भारत देश में घुसपैठिया बनकर छिपे बांग्लादेशियों और पाकिस्तानियों को चिन्हित कर देश से बाहर निकल जाए।